प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

कुलपति ने किया राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित

पंतनगर। १२ अप्रैल, २०१७। पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में स्थित सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में आज कुलपति, डा. जे. कुमार, ने राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप २०१७ में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजित कार्मिकों को सम्मानित किया। डा. जे. कुमार ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के कार्मिकों ने हर क्षेत्र में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। वे न केवल अपने कार्यों में निपुण हैं, अपितु खेल-कूद में भी आगे हैं। उन्होंने खेल-कूद से आपसी मेल-जोल बढ़ने, समय का सदुपयोग होने तथा नकारात्मक विचारों से दूर होने की बात कही तथा इससे लोगों की सोच व नजरिया बदलने एवं विश्वविद्यालय की प्रगति की ओर रूझान बढ़ने की बात भी कही। इस अवसर पर कुलपति ने स्वर्ण पदक विजेता श्री सुदीश राय को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

ज्ञातव्य हो कि पंतनगर विश्वविद्यालय की १८ सदस्यों की टीम ने नासिक के हीरावाड़ी पंचवटी में स्थित मीना ताई ठाकरे स्टेडियम में २३ से २७ मार्च २०१७ को आयोजित हुई ३७वीं मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप २०१७ में उत्तराखण्ड की टीम के सदस्यों के रूप में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में राज्य की टीम को १४ पदक प्राप्त हुए जिनमें से पंतनगर के कार्मिकों को एक स्वर्ण सहित पांच पदक प्राप्त हुए थे। स्वर्ण पदक विजेता श्री सुदीश राय ने ३० वर्ष से अधिक के आयु वर्ग में ट्रिपल जंप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डा. एस.पी. सिंह ने ६० वर्ष से अधिक आयु वर्ग में तथा श्री राजनारायण मौर्य ने ५० वर्ष से अधिक आयु वर्ग में पांच कि.मी. पैदल चाल में तीसरा स्थान प्राप्त किया व दोनों ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। संजीव मलिक एवं पी. एस. देउपा ने भी ५० वर्ष से अधिक आयु वर्ग में क्रमशः पोल जंप एवं हाई जंप में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण, डा. एस.पी. सिंह, ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए इस प्रक्रिया को अनवरत चलाते रहने व विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करते रहने पर बल दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रभारी, परिवहन, डा. पी.सी. गोप; प्रभारी अधिकारी प्रकाशन, डा. नरेश कुमार; उपवित्त नियंत्रक, डा. जे.सी. बडोला; सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा, श्री जी.एस. बोहरा; एवं टीम के सदस्यों ने भी अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम की जानकारी, संचालन, स्वागत एवं अंत में धन्यवाद श्री योगेश पंत ने किया।

३७वीं मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप २०१७ में प्रतिभागिता करने वाले खिलाड़ियों के साथ कुलपति, अधिष्ठाता, विद्यार्थी कल्याण एवं अन्य अधिकारी।